Roll No. ....
Signature of Invigilator ....

Paper Code
DNYT-AECCT 102

पतंजलि विश्वविद्यालय

University of Patanjali

Examination June – 2022

Diploma in Naturopathy & Yoga Therapy (DNYT), Semester : First

Paper : Second

संस्कृत

Time: 3 Hours **Max. Marks: 70**

नोट : यह प्रश्नपत्र सत्तर (70) अंकों का है जो दो (02) खंडों क, तथा ख में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

खण्ड–क
(दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में छः (06) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिए हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए दस अंक निर्धारित हैं। किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(4×10=40)**

1. संस्कृत व्याकरण के अष्टाध्यायी में वर्णित कोई पांच प्रत्याहार सूत्र लिखिए।

2. कर्तृवाच्य एवं कर्मवाच्य के कोई दो–दो उदाहरण दीजिये।

3. संस्कृत में अनुवाद कीजिये –
   मैं हरिद्वार नगर में रहता हूँ। मुझे व्यायाम करना अच्छा लगता है। मैं प्रतिदिन गीता पढ़ता हूँ। गीता का उपदेश भगवान् श्रीकृष्ण ने दिया था। गीता कर्मयोग का सन्देश देती है।

4. हिन्दी में अनुवाद कीजिये –
   छात्राः प्रतिदिनं पाठं पठेयुः। त्वया एतद् अवश्यं करणीयम्। शिशुः दुग्धं पिबेत्। अहं श्वः देहलीं गमिष्यामि। मह्यं मोदकं रोचते। नदीषु गंगा श्रेष्ठतमा वर्तते। किम् अहं परीक्षां दास्यामि। अहं त्वदर्थं किं कर्तुं शक्नोमि।

5. अपने पाठ्यक्रम से कोई दो श्लोक अथवा दो मन्त्र लिखिए।

6. पतंजलि योगपीठ के संस्थापक के विषय में संस्कृत में दस वाक्य लिखिए।

खण्ड-ख
(लघु-उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में नौ (09) लघु उत्तरीय प्रश्न दिए गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पांच अंक निर्धारित हैं। किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(6×5=30)**

7. सन्धि विच्छेद कीजिए, सन्धि नाम भी लिखें -

   जगदीश्वरः, यथैवः, तच्छिवः, रामो हसति, जगन्नियन्ता।

8. सन्धि कीजिये, सन्धि नाम भी लिखें -

   महा+ऋषिः, गुण+ओघः, पुस्तक+आलयः, हरे+ए, सूर्य+उदयः।

9. इस श्लोक का अर्थ लिखिए -
   जातस्य हि ध्रुवो मृत्युः ध्रुवं जन्म मृतस्य च।
   तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि।।

10. किन्हीं दो शब्दों के सभी विभक्तियों में रूप लिखिये-

    रमा, हरि, वाक्, मातृ।

11. किन्हीं दो धातुओं के लट्, लोट् लकारों में रूप लिखिये -

    दृश्, जि, स्था, लभ्।

12. संस्कृत भाषा की पांच विशेषताएं लिखिये।

13. अन्तर्राष्ट्रिय योग दिवस के सम्बन्ध में संस्कृत, हिन्दी अथवा अंग्रेजी में निबन्ध लिखिये।

14. स्वर एवं शब्द का लक्षण लिखिये।

15. तालु स्थान से किन वर्णों का उच्चारण किया जाता है, लिखिए।

--------------x--------------